हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई, 2025

तापमान

अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

13 सृष्टि स्कूल ने कबड्डी प्रतियोगिता में जीता गोल्ड




14 हिसार कैंट-मय्यड़ के बीच हाईवे खस्ता हाल



## खबर संक्षेप

### दयानंद कॉलेज में ओपन काउंसलिंग आज से

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए यूजी की सभी प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश के लिए दैनिक आधार पर ओपन फिजीकल कॉउंसलिंग 16 से 24 जुलाई तक प्रातः 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक होगी। ओपन फिजीकल कॉउंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों को अपने सभी मूल दस्तावेजों तथा उनकी फोटोकॉपी के साथ स्वयं प्रस्तुत होकर महाविद्यालय द्वारा निर्धारित स्थान पर जाकर हस्ताक्षर करने होंगे। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर मैरिट लिस्ट लगाई जाएगी।

### प्रदेश के सभी प्राइवेट स्कूल आज बंद रहेंगे

**हिसार।** प्रदेश के सभी निजी स्कूल 16 जुलाई को बंद रहेंगे। यह निर्णय गांव बास बादशाहपुर स्थित करतार मेमोरियल स्कूल के प्रिंसिपल जगबीर पन्नू की निर्मम हत्या के विरोध में लिया गया है। यह जानकारी सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सेठी ने दी। उन्होंने बताया कि इस दिन प्रदेश के सभी जिलों में निजी स्कूल संचालक सुबह 10 बजे लघु सचिवालयों के सामने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त को मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे।

### कैबिनेट मंत्री गंगवा का हिसार दौरा कल

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 17 जुलाई को हिसार दौरे पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए उनके निजी सचिव अरुण कुमार ने बताया कि कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा प्रातः 11 बजे गांव खरक पूनिया स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री बाद दोपहर 2:30 बजे लघु सचिवालय परिसर में बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### भीम आर्मी समाज उत्थान समिति ने सौंपा ज्ञापन

**बरवाला।** भीम आर्मी समाज उत्थान समिति ने समाज के लोगों के साथ मिलकर एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा और 7 जुलाई को हिसार के 12 क्वार्टर क्षेत्र में जन्मदिन मना रहे अनुसूचित जाति के लोगों पर हमला करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस मौके पर समिति प्रदेश अध्यक्ष बीरबल बरवाला, संरक्षक विनोद भूना वाल्मीकि, महासचिव बिंटू मतलोडा, सचिव दीपक मतलोडा, जसवंत, अभिषेक, जोगिंद,सोनू, वकीला मौजूद रहे।

### पार्षद भीम महाजन को क्षेत्र की समस्याएं बताई

**हिसार।** नगर पार्षद भीम महाजन अपने वार्ड का दौरा करते हुए पड़ाव चौक में अग्रवाल ग्रुप के प्रधान व क्षेत्र के दुकानदार पवन गोयल काका के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। नगर की समस्याओं की चर्चा करते हुए पवन गोयल ने नगर में जगह-जगह वर्षा का पानी जमा होने, सीवरेज जाम, बेसहारा पशुओं का सडक़ों पर भारी मात्रा में होना, कई क्षेत्रों में पानी-बिजली की समस्याएं बताई।

### अवैध देसी शराब की 66 बोतल के साथ दो काबू

**हांसी।** थाना शहर हांसी व सीआईए नारनौंद की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से अवैध देसी शराब की 66 बोतल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस चौकी सिसाय पुल ने गश्त पड़ताल दौरान सैनी पुरा हांसी रोड़ पर सैनी पुरा निवासी कृष्ण कुमार को 18 बोतल अवैध शराब सहित व सीआईए नारनौंद पुलिस ने गांव मिर्चपुर से कोथ कलां निवासी रविन्द्र को 48 बोतल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर हांसी व नारनौंद में केस दर्ज किया है।

# नौवें दिन करवाया गणेश का पोस्टमार्टम, परिजन असहमत, आज महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के भारत नगर में डीजे पर हुए विवाद में एक युवक की मौत मामले में नौवें दिन मृतक युवक गणेश का मंगलवार को पोस्टमार्टम हुआ। हालांकि परिजनों व कमेटी का कहना है कि वे इसके लिए सहमत नहीं थे, लेकिन प्रशासन ने उनकी मांग के अनुसार डॉक्टरों के बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया है और वीडियोग्राफी करवाई है। उधर, परिजनों व उनके साथ बैठे संगठनों ने प्रशासन व पुलिस पर दबाव देने का आरोप लगाते हुए बुधवार को महापंचायत बुलाई है। नागरिक अस्पताल में परिजनों व समाज के लोगों द्वारा दिए जा रहे धरने के नौवें दिन मृतक गणेश का पोस्टमार्टम हुआ है। इसके लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने धरनारत मृतक के परिजनों को नोटिस से अवगत करवाया और मृतक के घर के आगे भी नोटिस चस्पा करवाया।

## प्रशासन ने घर पर चस्पाया नोटिस, 12 घंटे में गणेश का शव लें परिजन

### समय पर अंतिम संस्कार करवाएं परिजन, नहीं तो प्रशासन करवाएगा

*प्रशासन द्वारा चस्पाए गए नोटिस में लिखा गया है कि मृतक गणेश के शव का बोर्ड गठित करके पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। परिजन 12 घंटे के अंदर मृतक के शव को हासिल ले लें, अंतिम संस्कार करते समय किसी प्रकार से रोड जाम या आमजन के रास्ते में बाधा न डालें, जिससे किसी को परेशानी न हो। यदि तय समय में अंतिम संस्कार नहीं करते हैं तो प्रशासन गणेश का दाह संस्कार करवाएगा।*



### प्रशासन ने काफी देर परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं माने

*नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठे परिजनों ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस के साथ काफी देर तक बहस की। परिजनों का कहना था कि पहले मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके ही मृतक के पोस्टमार्टम या अंतिम संस्कार के लिए सोचें। ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया कि युवक की मौत को कई दिन हो गए हैं, ऐसे में शव खराब हो सकता है। बताया जा रहा है कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट से मृतक के परिजनों को नोटिस देने का प्रयास किया लेकिन जब उन्होंने वह नोटिस नहीं लिया तो उसके घर के आगे चस्पा करवा दिया गया।*

### एक युवक की हो गई थी मौत, एक घायल

मामले के अनुसार गत 7 जुलाई की रात को जब पुलिस डीजे बंद करवाने गई तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। इस विवाद में छत से गिरने से गणेश नाम के लड़के की मौत हो गई थी, जबकि आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पुलिस व प्रशासन पर दबाव डालने का आरोप

मृतक के परिजनों व उनके साथ बैठे सामाजिक संगठनों ने प्रशासन व पुलिस पर दबाव डालने व का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वे न तो पोस्टमार्टम के लिए सहमत है और न ही शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए। उन पर लगातार दबाव डाला जा रहा है, जो गलत है। उनका कहना है कि पहले उनकी मांग के अनुसार आरोपी पुलिस कर्मचारियों पर केस तो दर्ज किया जाए।

### पुलिस ने लगाया हमले का आरोप

इस मामले में पुलिस ने आरोप लगाया कि घटना वाली रात को जब पुलिस कर्मचारी डीजे बंद करवाने के लिए पहुंचे तो वहां के कुछ लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इस दौरान इन लोगों द्वारा किए गए पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने घायल चौकी इंचार्ज की शिकायत पर एचटीएम थाने में शुभम व शिवा समेत 15-20 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आगे की कार्रवाई चल रही है।

## तीन साल से सीवरेज समस्या झेल रहे ढाणी श्यामलाल के लोगों ने किया प्रदर्शन

# अफसरों को जगाने के लिए लोगों ने बजाए ढोल तो निकासी के लिए तुरंत भेजे टैंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पिछले तीन साल से बार-बार अवगत कराने के बावजूद सीवरेज समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज ढाणी श्यामलाल के लोग मंगलवार को मॉडल टाउन स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में पहुंच गए। विभाग के अधिकारियों को जगाने के लिए क्षेत्रवासियों ने उनके दफ्तरों में ढोल बजाकर प्रदर्शन किया और उन्हें जमकर कोसा। इतना ही नहीं प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने अधिकारियों के कार्यालय में गीत के जरिए विभाग को ताने भी दिए। महिलाओं ने पंजाबी गीत तैन्नू घोड़ी किन्ने चढ़ाया की तर्ज पर गीत गाते हुए कहा तैन्नू अफसर किन्ने बनायाण...। क्षेत्रवासियों के उग्र प्रदर्शन को देखते विभाग के अधिकारियों ने आनन-फानन में सीवरेज के पानी की निकासी करने के लिए टैंकर ढाणी श्याम लाल में भेज दिए। मौके पर मौजूद विभाग के एक्सईएन बलकार सिंह ने आश्वासन दिया कि चार दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।



**हिसार।** जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में ढोल बजाते जवाब दो हिसाब दो संस्था के पदाधिकारी व ढाणी श्यामलाल निवासी।

### समस्या का स्थाई समाधान की कभी कोशिश नहीं की

इस मौके पर जवाब दो हिसाब दो संस्था के अध्यक्ष राजीव सरदाना, ललित भाटिया, राजेंद्र यादव, आशीष जैन, राजेश सोनी, नंदलाल सक्सेना, देवीलाल, प्रदीप सैन, जतिन, करण लांबा, राजकुमारी, बबीता, ज्योति, वीणा, सीमा, पूजा, नीलम आदि ने कहा कि पिछले तीन साल से श्यामलाल की ढाणी में सीवरेज की समस्या है। गली में हमेशा सीवरेज ओवरफ्लो रहते हैं। कई बार विरोध प्रदर्शन करने पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी वहां फट्टी मार कर एक बार पानी निकाल देते हैं। समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए कभी कोशिश नहीं किया जाता।

### आओ हमारे साथ चलो दिखाते हैं नरक

इससे पूर्व जवाब दो हिसाब दो संस्था के साथ जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने मौके पर मिले अधिकारियों को खरी-खरी सुनाई और कहा कि वे नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सीवरेज का गंदा पानी गलियों में भरा रहता है, इतना ही यह पानी कई घरों में भी घुस जाता है। यहां तक की रसोई में भी सीवरेज का पानी पहुंच जाता है। हालात यह है कि घरों से निकलना दूभर हो गया है। महिलाओं ने कहा कि आप हमारे साथ चलो, हम आपको नरक दिखाते हैं, क्या नरक होता है। जी ते जी नरक दिखाते हैं। एसडीओ को फोन करते हैं तो वे कहते हैं मेरे से बात मत करो, जेई से करो। सरकारी नंबर 20-20 मिनट तक बिजी रहता है, कहां बात करतें वो। क्षेत्र की अधिकांश गलियों को उखाड़ कर छोड़ दिया गया है।

### मलबा मेनहॉल में जाने से आई दिक्कतः एक्सईएन

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलकार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में नगर निगम द्वारा गलियों का निर्माण किया जा रहा है। गलियों के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी व मलबा सीवरेज के मेनहॉल में चला गया जिस कारण सीवरेज बंद होने की समस्या आ गई। सीवरेज व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पानी निकासी के लिए पम्पसैट लगाए गए थे लेकिन बारिश आने के चलते काम नहीं हो सका। जैसे ही मौसम थोड़ा ठीक होगा, क्षेत्रवासियों की समस्या को शीघ्र दूर कर दिया जाएगा।

## चार साल की मासूम से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- 23 अगस्त 2020 को पुलिस ने नामजद के खिलाफ 6 पॉक्सो एक्ट और अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया था

चार साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले के दोषी राजबीर को अदालत ने 20 साल की कैद और 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। बता दें कि अदालत ने शुक्रवार को राजबीर को दोषी करार दिया था। इस मामले में पुलिस ने 23 अगस्त 2020 को केस दर्ज किया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार जिले के एक गांव की महिला ने पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि घटना वाले दिन 20 अगस्त को मैं घर से बाहर गई हुई थी। मैं लौटी तो मेरी 4 साल की बेटी रोती हुई मिली। मैंने बेटी से रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि पड़ोसी राजबीर आया था और उसने मेरे साथ गलत काम किया। महिला ने तब अपनी सास को सारा मामला बताया था। उसके दो दिन बाद शहर से बाहर गए पति घर लौटे थे। तब उनको मामला बताया था। उसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा था। पुलिस ने नामजद के खिलाफ 6 पॉक्सो एक्ट और अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने बाद में आरोपी राजबीर को गिरफ्तार किया था। अदालत ने शुक्रवार को आरोपी राजबीर को दोषी करार देते हुए सजा सुनाने के बारे में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## हत्या मामले में मुख्य आरोपित को शरण देने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

- तीन साल पहले बेडवा रोड पर हुए डबल मर्डर का मामला
- स्टाफ ने आरोपित युवक अमन को गिरफ्तार किया

पुलिस ने तीन साल पहले गांव पुठ्ठी से बेडवा रोड पर हुए डबल मर्डर के मुख्य आरोपियो को शरण देने वाला 11वां आरोपित अमन निवासी फरमाणा जिला रोहतक को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए स्टाफ से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने वर्ष 2022 में गांव पुठ्ठी से बेडवा रोड़ पर हुए डबल मर्डर के मुख्य आरोपितों को शरण दी थी। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक अमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस पहले ही 10 आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# नगर परिषद की अकाउंट ब्रांच में गिरी फॉल सीलिंग बाल-बाल बची कर्मचारी

- कुछ दिन पूर्व भी पार्षदों के कक्ष में गिर चुकी है फॉल सीलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

नगर परिषद की जर्जर बिल्डिंग में मंगलवार दोपहर में अकाउंट ब्रांच के कमरे में अचानक फॉल सीलिंग का एक हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया। हादसे के समय कमरे में मौजूद महिला कर्मचारी बाल-बाल बच गई। नगर परिषद कार्यालय में रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग अपने कामकाज के लिए आते हैं। ऐसे में बिल्डिंग की हालत पर जल्द कार्रवाई न होना प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। अगर समय रहते स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो किसी दिन बड़ा जानमाल का नुकसान हो सकता है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व भी पार्षदों के कक्ष में फॉल सीलिंग गिर चुकी है, जिसमें दो पार्षद चमत्कारिक रूप से बच गए थे। बार-बार हो घटनाओं से स्थिति उजागर हो चुकी है।



**हांसी।** अकाउंट ब्रांच में छत से टूट कर जमीन पर गिरी फॉल सीलिंग।

### पानी हो रहा है लीक

नगर परिषद चेयरमैन प्रवीण ऐलावादी ने बताया कि बरसात की वजह से छत से पानी लीक होने के कारण फॉल सीलिंग गिरी। उन्होंने बताया कि जिस सीट पर फाल सिलिंग गिरी वह सीट उस समय खाली थी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

### जल्द नई बिल्डिंग में होगी शिफ्टिंग

*वाइस चेयरमैन अनिल बंसल ने कहा कि नगर परिषद के सभी कमरों की छत खराब है। मौजूदा बिल्डिंग पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर नगर परिषद कार्यालय को जल्द ही नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा, ताकि यहां काम करने वाले कर्मचारी और आमजन सुरक्षित रह सके।*

### टीम ने मिलगेट रोड से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त के आदेशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत साउथ बाईपास से अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद टीम ने सिरसा चुंगी से अतिक्रमण हटाया।

## प्रिंसिपल हत्याकांड : फिरौती की धाराएं भी जुड़ सकती हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

बास के स्कूल की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर रख दिया है। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपितों पर पुलिस फिरौती की धाराएं जोड़ सकती है। पहले यह मामला अनुशासनहीनता का लग रहा था लेकिन अब मामले ने नया मोड़ ले लिया है। घटना के बाद स्कूल पुलिस की सुरक्षा में खुला। स्कूल के सभी अध्यापकों के चेहरों पर साफ डर झलक रहा था। कोई भी अध्यापक उस घटना के बारे में बातचीत नहीं करना चाहता था। चारों छात्रों की बैकग्राउंड जानने के लिए पुलिस ने स्कूल के अध्यापकों से पूछताछ करके उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। सूत्रों के हवाले से खबर है कि छात्रों ने यूनिट टेस्ट के अंदर कोई पत्र लिखकर दिया था। उसी के आधार पर अब पुलिस इस मामले में फिरौती की धाराएं भी जोड़ सकती हैं। वारदात के बाद छात्रों ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करके भी 10 लाख रुपये की मांग की बात कही थी। उसे वीडियो के बाद पुलिस इस मामले को दूसरे एंगल से भी देखकर जांच कर रही थी।

### यह था मामला

गांव बास के एक निजी स्कूल के संचालक पुठ्ठी निवासी जगबीर पानू की स्कूल के ही चार छात्रों ने ही चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस में ने इस मामले में चारों छात्रों को मुंढाल के पास से गिरफ्तार कर सभी चारों छात्रों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया हैं।

## स्टेशन पर यात्रियों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

# हिसार स्टेशन का कायाकल्प हुआ, पैदल पुल बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल के हिसार स्टेशन के पुनर्विकास का प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स लगाए गए हैं। लगभग 27.55 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्तकार्यों के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया गया है। सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया गया है। इसके अलावा यात्री सूचना प्रणाली में सुधार के लिए के कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्पले बोड्र्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बड़े एलइडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक भी लगाया गया है। हिसार स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा पैदल पुल भी बनाया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत लगभग 12.98 करोड़ रुपये है।




**हिसार।** रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य। फोटो : हरिभूमि

### हस्तशिल्प कला को बढ़ावा मिलेगा



**हिसार।** रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य। फोटो : हरिभूमि

उत्तर पश्चिमी रेलवे बीकानेर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अनुसार स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था, सुगम, निर्बाध एवं निरंतर तकनीकी रेल कार्यों के संचालन के लिए हरित ऊर्जा उत्पादन सोलर ऊर्जा प्लांट भी स्थापित किया जाएगा। इसके लिए 22.5 लाख की लागत से सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन के पुनर्विकसित होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, आवागमन सुगम होगा एवं व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित होगा। स्टेशन के पुनर्विकास से स्थानीय कारीगर एवं मजदूरों को रोजगार मिला है जिससे उनकी आय बढी है। स्टेशन के पुनर्विकसित होने से पर्यटन, स्थानीय हस्तशिल्प कला आदि को बढ़ावा मिलेगा।



## रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

लाइफ Style

# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'



हॉलीवुड मसाला



## स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।





## हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



## ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



## कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

टीवी मसाला



## जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोज़ाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी ज़िंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

### इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुई दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ



इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।

## ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते





आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

## नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन





अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

### पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

## ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी


धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप



### बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा का शुभारंभ

**हिसार।** बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा श्रावण मास प्रथम सोमवार मेवात जिले नूंह शहर के नल्हडेश्वर महादेव मंदिर से प्रारम्भ हुई और फिरोजपुर झिरका के झिरकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। वहां जलाभिषेक कर यात्रा फिरपुनहाना गांव श्रृंगार के श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। वहां भक्तों ने जलाभिषेक कर सम्पूर्ण पुण्य प्राप्त किया। इस सुअवसर पूज्यों संतो का आशीर्वाद सभी श्रद्धालु अपने अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया।

### न्यायालय भ्रमण कर जानी न्यायिक प्रक्रिया

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के 11वीं व 12वीं कक्षा कला संकाय के विद्यार्थियों द्वारा न्यायालय भ्रमण कर न्याय प्रणाली से संबंधित नई प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशानुसार प्रैक्टिकल एक्सपोज़र शिक्षा पद्धति के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि न्यायालय में किस प्रकार से केस की सुनवाई होती है। बच्चों ने न्यायाधीश, वकील और अन्य कर्मचारियों का कार्य देखा और साथ भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि न्यायालय में किस प्रकार सबूत और गवाह प्रस्तुत किए जाते हैं और न्याय पूर्ण निर्णय लिया जाता है।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 30 लाख की धोखाधड़ी

**हिसार।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। जांच अधिकारी एएसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में हिसार निवासी एक महिला की शिकायत पर साइबर थाना में मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता ने बताया कि शुरुआती लाभ दिखाकर आरोपी व्यक्तियों ने उसे और उसके परिचितों से कुल 30 लाख 63 हजार 145 की राशि विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करवा ली।

### त्रिवेणी कला संगम के प्रधान को किया सम्मानित

**हांसी।** त्रिवेणी कला संगम के प्रधान एवं विभिन्न संगठनों में जुड़े डॉ. ओम कुमार गर्ग को ग्लोबल अचीवर्स ऑफ़ इंडिया द्वारा सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. ओम कुमार गर्ग ने 155बार रक्तदान स्वयं और बेटे नमीत गर्ग



ने 38 बार रक्तदान किया गया है। उनके द्वारा किए गए समाज कल्याण व समाज उत्थान कार्यों के लिए अनगिनत बार विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में सम्मानित किया जा चुका है। मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा 100 से अधिक बार रक्तदान करने पर डॉक्टर की उपाधि से नवाजा गया तथा भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद द्वारा सदस्य बनाया गया।

### मांगों को लेकर नप चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के पदाधिकारियों ने महिला प्रधान शमां मल्होत्रा के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह पार्क व शहीद मदन लाल ढींगरा पार्क में लम्बे समय से सफाई का ना होना, बुजुर्गो के बैठने के लिए कुर्सियों का न होना, पौधो के रख-रखाव के लिए माली का न होना, पार्क में लगे फव्वारे का ना चलना, शहर में आवारा पशुओं को नहीं पकड़ने, गलियों में घुम रहे आवारा कुत्तों व बंदरों को पकड़ने, स्ट्रीट लाईटों को समय पर ठीक नहीं करने सहित शहर की कई अन्य समस्याओं को लेकर नगर परिषद चेयरमैन प्रवीण इलावादी को ज्ञापन सौंपा। इसके अतिरिक्त समिति सदस्यों एसआई संजय सिंह को भी शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को जल्द से जल्द पकड़कर आम जनता को राहत दिलवाने की मांग की।

## पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने अपराध समीक्षा गोष्ठी का किया आयोजन

# आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने व अपराधियों पर कार्रवाई करने के निर्देश

### आरोपियो की गिरफ्तारी समय पर करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कांफ्रेंस हॉल में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध और कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में हुई समीक्षा बैठक के सभी एजेंडा प्वाइंट पर विस्तार से चर्चा की और मीटिंग में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



**हांसी।** अपराध समीक्षा गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। फोटो : हरिभूमि

#### कार्रवाई से आमजन का बढ़ता विश्वास

पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हम सब की जिम्मेवारी है कि पुलिस के पास आने वाला शिकायतकर्ता पुलिस द्वारा उसकी शिकायत पर की गई कार्रवाई से संतुष्ट हो। पुलिस के पास आने वाली शिकायतें महत्वपूर्ण है। शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करने से आमजन में पुलिस कार्रवाई के प्रति संतुष्टि बढ़ती है। प्रतिदिन थाना और चौकी में आने वाली शिकायतों की निगरानी कर समयावधि में उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

#### सभी थाना प्रभारियों को निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में घटित होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर नियमित रूप से सतर्क निगरानी बनाए रखें। किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना को हल्के में न लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी थाना क्षेत्र में अपराध घटित होता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी सम्बंधित थाना प्रभारी की मानी जाएगी। ऐसे मामलों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

#### सभी थानों में खोली जाएं हिस्ट्री शीट

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय आदतन अपराधियों पर तत्काल प्रभाव से कड़ी निगरानी रखी जाए और उनके विरुद्ध कानून सम्मत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति बार-बार अपराधों में संलिप्त पाए गए हैं, और जिनकी प्रवृत्ति आपराधिक है और समाज में भय या असुरक्षा का वातावरण बना रहे हैं, ऐसे अपराधियों की हिस्ट्री खोली जाए। हिस्ट्री शीट खोलने का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों की हर गतिविधि पर नजर रखना और उनके पुनः अपराध की ओर बढ़ने से पहले उन्हें नियंत्रित करना है।

#### लंबित अभियोगों का समयावधि में करें निपटान

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि थानों में लंबित अभियोगों में त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका समय पर निपटान कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। संपति विरुद्ध अपराधों में ज्यादा से ज्यादा रिकवरी सुनिश्चित करे। पिछले सालों में संपत्ति विरुद्ध अपराधों में गिरफ्तार हुए आरोपियों की सूची बनाकर उन्हें नियमित रूप से चैक करते रहे। साथ ही जघन्य अपराधों में अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। लम्बे समय से लंबित अभियोगों की प्रगति में तेजी कर उनका त्वरित निपटान करें।

#### महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस जिला हांसी के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा एक संवेदनशील विषय है और पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



**हिसार।** एमएमटीटीसी में चल रहे फैकल्टी इंडक्शन कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने अग्रोहा धाम का भ्रमण किया।

# प्रतिभागियों ने किया अग्रोहा धाम का भ्रमण

■ गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में एमएमटीटीसी में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र (एमएमटीटीसी) में चल रहे फैकल्टी इंडक्शन कार्यक्रम-8 के शिक्षक प्रतिभागियों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और अग्रोहा धाम का भ्रमण किया। कार्यक्रम के उप निदेशक डॉ. अनुराग ने बताया कि 23 जून से चल रहे इस इंडक्शन कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यरत 20 शिक्षक भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षक न केवल शैक्षणिक दक्षता हासिल कर रहे हैं, अपितु सर्वांगीण विकास को आत्मसात कर रहे हैं। डॉ. अनुराग ने बताया कि प्रतिभागियों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित डॉ. मंगल सेन कृषि विज्ञान संग्रहालय और अग्रोहा में स्थित अग्रवाल वंश की कुलदेवी के पूजा स्थल महालक्ष्मी मंदिर और अग्रोहा शक्तिपीठ का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण किया। प्रतिभागियों ने काजला धाम स्थित हनुमान मंदिर का भी भ्रमण किया।

सायं के सत्र की शुरुआत गुजवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. प्रताप सिंह की विशेषज्ञ वार्ता से हुई। डॉ. प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, विकास और प्लेसमेंट में शिक्षकों की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. अनुराग ने बताया कि 28 दिन चलने वाले इंडक्शन कार्यक्रम का समापन 19 जुलाई को होगा। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो नरसी राम बिश्नोई सभी प्रतिभागियों से रूबरू होंगे।

# सृष्टि स्कूल ने कबड्डी प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल, मोठ के लिए मंगलवार का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। जब विद्यालय की अंडर-17 कबड्डी टीम ने सीबीएसई राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतने का काम किया। यह प्रतियोगिता सीबीएसई द्वारा क्लस्टर-15 के अंतर्गत बीएसएम हाई स्कूल, सैनिक नगर, बहादुरगढ़ में आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेश भर के विभिन्न जिलों जिनमें करनाल, पानीपत, जींद, हिसार, सोनीपत, रोहतक, भिवानी, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी और नारनौल के स्कूलों की 34 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला हिसार जिले के सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ ने पानीपत जिले के कैम्ब्रिज फील्ड ग्लोबल स्कूल नांगला को हराया। गोल्ड मेडल विजेता टीम के खिलाड़ियों का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरियाणा आइस स्केटिंग के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा नेता बिजेंद्र लोहान ने कहा कि ये खिलाड़ी उभरती हुई युवा प्रतिभाओं की मेहनत, समर्पण और अनुशासन का सजीव उदाहरण है। विद्यालय के डायरेक्टर अनुप लोहान ने इस अद्वितीय सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत, कोच की सतत मार्गदर्शिता और टीम के अनुशासन को दिया।



**नारनौंद।** विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल के डायरेक्टर अनूप लोहान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# वीडीजेएस ने जीती आईपीएससी वॉलीबॉल चैंपियंस ट्रॉफी

### निया रुद्रा को मिला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विद्या देवी जिंदल स्कूल ने गुवाहाटी के माइल्स ब्रॉनसन रेसिडेंशियल स्कूल में आयोजित आईपीएससी चैंपियंस ट्रॉफी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यालय की अंडर-19 टीम ने फाइनल में मोती लाल नेहरू खेल विद्यालय राई को एक रोमांचक मुक़ाबले में 2-0 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी प्राप्त की। विद्यालय की खिलाड़ी निया रुद्रा को उसके असाधारण प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया, जो पूरे टूर्नामेंट में उसके कौशल और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। विद्यालय की अंडर-17 टीम ने उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।



**हिसार।** ट्रॉफी के साथ विद्या देवी जिंदल स्कूल की टीम। फोटो : हरिभूमि

उनके निरंतर प्रयास और प्रतिस्पर्धी भावना हर मैच में स्पष्ट दिखाई दी, जिससे उन्हें वह पहचान मिली जिसके वे हकदार थे। पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रही अंडर-14 टीम ने अपने अनुशासन, उत्साह और खेल भावना से सभी को प्रभावित किया। उनके प्रदर्शन ने भविष्य की सफलता के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया। टीम की इस सफलता में कोच पूनम चौहान की प्रमुख भूमिका रही। प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों ने बधाई देते हुए आगामी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे किए रोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किरतान में पौधरोपण किया गया। मेरा युवा भारत हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि श्रावण मास में अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करें। इस महीने बारिश भी अधिक होती है और पौधों की बढ़वार भी ज्यादा होती है। ऐसे में पौधे अधिक से अधिक लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित बनाए रखने में पौधों का अहम योगदान है। आज जिस तरह से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या हो रही है ऐसे में इसे सही करने का विकल्प पौधरोपण ही हैं। हर व्यक्ति अपने जीवन में पौधरोपण को महत्व दे। कार्यक्रम में प्रोमिल आर्य, अनीता आर्य, पूजा आर्या, मोहित, प्रदीप कुमार, विशंबर, राजेश आदि मौजूद थे।



**हिसार।** किरतान में पौधरोपण करते क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य व अन्य।

# गुजवि एवं ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन के बीच हुआ ऐतिहासिक एमओयू

■ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग तकनीक विभाग के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक रहा। गुजवि और ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन (ओपीए), लुधियाना के बीच एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हुआ। गुजवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा ओपीए की ओर से महासचिव एवं विश्वविख्यात प्रिंटिंग विशेषज्ञ प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने हस्ताक्षर किए। गवाह के रूप में गुजवि के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार तथा डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि ओपीए की विदेशी प्रिंटिंग संस्थानों और उद्योगों से गहरी साझेदारी है, जो अब गुजविप्रौवि को भी लाभान्वित करेगी। इससे विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी और भी आकर्षित होंगे। इस एमओयू के बाद विभाग को भारत के प्रमुख राज्यों पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू सहित दक्षिण एशियाई देशों की प्रिंटिंग इंडस्ट्री से भी प्रत्यक्ष सहयोग प्राप्त होगा। विभाग में विदेशी विशेषज्ञों की कार्यशालाएं, लेक्चर और भारतीय विद्यार्थियों को विदेशों में अध्ययन के अवसर मिलेंगे।



**हिसार।** एमओयू का आदान-प्रदान करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं ओपीए के महासचिव प्रो. कमल मोहन चोपड़ा।



**नारनौंद।** गांव पेटवाड़ के स्कूल में पौधारोपण करते हुए स्कूल के प्राध्यापक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

# पेटवाड़ स्कूल में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**नारनौंद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पेटवाड़ में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राध्यापिका संगीत कक्कड़ ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें मानसून के समय मे अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। विद्यालय के सभी छात्रों ने मां के लिए एक एक पेड़ लगाया और ओर उसको गोद लेकर उसका पालन पोषण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राध्यापक सूरज कुमार, कुलदीप, राजेश, सरिता, कृष्णा, अन्नू, दिनेश, मोनिका व अन्य विद्यालय परिवार उषा, मोनू योगी माजरा, आजाद, सीमा व पूरे विद्यालय के विद्यार्थियों ने मिलकर पौधरोपण किया।

**अभियान** कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

# पर्यावरण प्रदूषण मुक्त करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना जरूरी : प्रो. बिश्नोई

■ सैकड़ों पौधे किए गए रोपित, विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि पेड़ों के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सकता है। पेड़ कार्बनडायोक्साइड ग्रहण करके आक्सीजन छोड़ते हैं। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के ब्वाएज हॉस्टल-3 परिसर में पौधरोपण अभियान की शुरुआत करने के उपरांत अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

कुलसचिव डॉ. विजय कुमार इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि गुजवि गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित है। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के मुख्य सिद्धांतों में है कि पेड़ों को नहीं काटना चाहिए तथा हर जीव के जीवन का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण-संरक्षण की शपथ दिलाई गई और 'हरित विश्वविद्यालय-स्वच्छ विश्वविद्यालय' के लक्ष्य को साकार करने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि एवं निदेशक (बागवानी) प्रो. नीरज दिलबागी, प्रो. योगेश चाबा, प्रो. ओमप्रकाश सांगवान, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. यशपाल सिंगला, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. अनिल भानखड़, डा.बिजेन्द्र कौशिक सहित अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**हिसार।** पौधा रोपित कर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

# शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री डॉ. गुप्ता से मिला शिष्टमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रसेन मार्केट में शराब ठेके के विरोध में चल रहा धरना मंगलवार को 34वें दिन भी जारी रहा। डॉ.विनोद राजलीवाला ने बताया कि अग्रसेन मार्केट का एक शिष्टमंडल पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मिला। डॉ. गुप्ता ने उपायुक्त से फोन पर बात करते हुए मामले के समाधान करवाने की बात कही। डॉ. कमल गुप्ता के मीडिया प्रभारी सुरेश धूपवाला के साथ विनोद राजलीवाला के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल जिसमें कृष्ण गोयल, प्रेम बंसल, ओम प्रकाश ज्यानी, महेंद्र गर्ग व अंशुल सिंगल जिला उपायुक्त से मिले। उपायुक्त ने सारे मामले को समझकर डीईटीसी को फोन पर मामले का उचित समाधान करने के लिए कहा। इसके बाद शिष्टमंडल डीईटीसी से मिला। डीईटीसी ने शिष्टमंडल को बताया कि ठेकेदार को ठेका दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए कह दिया गया है। इस सारे घटनाक्रम पर विचार करते हुए धरना को ठेका शिफ्ट होने तक जारी रखने का निर्णय लिया गया। धरने पर प्रवीण गर्ग उर्फ झंडू खाराखेड़ी वाले ने समर्थन दिया।

**सूचना**

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री जयबीर सिंह निवासी मकान नंबर-681, नजदीक काली देवी मन्दिर, विश्वकर्मा कालोनी, हांसी, तहसील हांसी, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरे पिता का असल नाम जयबीर है जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्शाया हुआ है जो कि सही व दुरूस्त है मेरी दसवीं की मार्कशीट में भी मेरे पिता का नाम जयबीर है जो कि सही है। अब मैं मेरे पिता का नाम जयबीर सिंह की जगह पर खाली जयबीर दर्ज करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप



### लघु सचिवालय में प्रदर्शनी लगाई

**हांसी/नारनौंद।** आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में एक जन-जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ एसडीएम राजेश खोथ ने रिबन काट कर किया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उधर, नारनौंद संयुक्त कार्यालय परिसर में एक जन-जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ एसडीएम विकास यादव ने किया।

### पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**हांसी।** पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्य जांच के लिए मंगलवार को पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन गया। कैंप में पुलिस कर्मचारियों व उनके परिजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने शिविर में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ रहने का संदेश देते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर आज से 19 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया की इस कैंप में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के साथ-साथ स्थानीय नागरिक भी निःशुल्क अपने स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठा सकतें है।

### पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं : गर्ग

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने शहर के विकास कार्य का जायजा लिया। बजरंग गर्ग ने कहा कि थोड़ी सी बारिश ने हिसार के विकास की पोल खोल कर रख दी है। बारिश के कारण शहर की गलियां व सड़कें जलमग्न हो गई है। सड़कों पर कई-कई फुट पानी भर गया। उन्होंने ने कहा कि शहर में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। गर्ग ने कहा कि सरकार को बरसाती नालें बनाने व सफाई करने के सभी दावे पूरी तरह से फेल सिद्ध हुए हैं। इस अवसर पर उनके साथ भारत सोनी, रोहन अरोड़ा, दीप बिश्नोई, संदीप बिश्नोई, रिंकू चौहान, रामकुमार कटारिया, अरुण गोयल, मुकेश कुमार,किशन गुर्जर, मनीष अरोड़ा, शिवकुमार, सुशील वाल्मीकि, अशोक पंजाबी आदि मौजूद थे।

### हमला करने का 11वां आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने हत्या प्रयास मामले में 11 वें आरोपी रोहतक जिले के गांव फरमाणा निवासी अमन को गिरफ्तार किया गया है। सिसाय पुल पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर जोगिंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने वर्ष 2022 में जींद फ्लाईओवर हांसी के समीप सिसाय निवासी दलजीत पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपियों को अवैध हथियार खरीदने के लिए उनके बैंक खाते में 50 हजार रुपये डलवाए थे। पुलिस चौकी सिसाय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस 10 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं।

### ऑनलाइन तबादला पॉलिसी सही नहीं

**हिसार।** प्रदेश सरकार व बिजली निगम मैनेजमेंट द्वारा जारी की गई ऑनलाइन तबादला पॉलिसी के खिलाफ मंगलवार को कार्यकारिणी मीटिंग ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की यूनिट नम्बर एक प्रधान सुरेश रोहिल्ला व हिसार नम्बर 2 प्रधान विजेन्द्र पुनिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंच संचालन सचिव अनिल वर्मा व रमेश ने किया। मीटिंग में उप प्रधान जगमिंदर पुनिया, सूबेसिंह कादियान, कैशियर सुरेंद्र यादव, ओमप्रकाश वर्मा, दिलबाग जांगड़ा,प्रताप सिंह, सुरेंद्र फोजी, अमित पुनिया, परमजीत,सुधीर चहल, विनोद सैनी, रविंद्र बिश्नोई, बलबीर खिचड, कुलदीप शर्मा, राजेश दलाल,उमेश कुमार आदि ने सम्बोधित किया।

# हिसार कैंट-मय्यड़ के बीच हाईवे खस्ता हाल, डीसी ने लगाई फटकार

## उपायुक्त ने प्रोजेक्ट निदेशक को दिए निर्देश- सड़क दुरुस्त करें, लापरवाही सहन नहीं की जाएगी

उपायुक्त अनीश यादव ने जिला सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन समिति की मासिक बैठक में की समीक्षा



**हिसार।** जिला सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन समिति की मासिक बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव, साथ हैं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि किन्हीं कारणवश कोई सड़क दुर्घटना होती भी है तो घायलों को जल्द से जल्द अस्पताल पंहुचाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए ताकि इलाज के अभाव में किसी की जान न जाए। उन्होंने इस संबंध में सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि दुर्घटना के घायलों को अस्पताल में तुरंत और सही उपचार मिले। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग समेत सभी संबंधित एजेंसियों को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की जा रही है, संबंधित विभागों की लापरवाही पाए जाने पर उनके विरूद्घ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक के दौरान दक्षिणी बाइपास पर सेक्टर 15 के समीप रेहड़ियों व ठेलों पर समान खरीदने के लिए गाड़ियां रोके जाने के विषय, सुबह व दिन के समय भारी वाहनों के शहर में प्रवेश को रोकने, हिसार कैंट से मय्यड़ टोल के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क के खस्ता हाल होने, ट्रेफिक लाइटों के सुचारू संचालन, विभिन्न सडक़ मार्गों की रिपेयर, स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड और रोड मार्किंग जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि इस संबंध में सभी एजेंसियों को गंभीरता से कार्य करना होगा।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, आरटीए संजय बिश्नोई और नगर निगम एएमएसी प्रदीप कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती हो


बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जोर देकर कहा कि वे सडक़ दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों की जान बचाने के लिए उनका अविलंब उपचार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यातायात व्यवस्था का जिम्मा देख रहे अधिकारियों को दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नियमों का कड़ाई से पालन करवाने और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी।

# एंटी नारकोटिक सेल ने राजथल और सुलचानी गांव में दी दबिश

■ अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

एंटी नारकोटिक सेल टीम ने नशा तस्करों पर लगाम कसने के लिए थाना नारनौंद क्षेत्र गांव राजथल व सुलचानी में पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम सहित संदिग्धों के निवास स्थान सहित अनेक जगहों पर सर्च ऑपरेशन के तहत जांच की। लेकिन कोई कामयाबी हासिल नहीं मिल पाई। एंटी नारकोटिक सेल टीम ने डॉग स्क्वाड टीम सहित थाना नारनौंद के क्षेत्र गांव राजथल व सुलचानी में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला रहता हो। अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ।



**नारनौंद।** गांव राजथल में डॉग स्क्वाड पुलिस टीम सर्च अभियान चलाते हुए।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**आदमपुर।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया है। थाना आदमपुर के जांच अधिकारी एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि इस वर्ष 14 मार्च को गांव न्योली कलां निवासी माया देवी ने शिकायत दी थी कि वह अपने किसी रिश्तेदार से मिलने गांव सीसवाल आई थीं। मोटरसाइकिल को घर के सामने खड़ा किया गया था, जो कुछ समय बाद चोरी हो गई। शिकायत के आधार पर थाना आदमपुर में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान गांव मोठसरा निवासी आरोपी अंकित की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया।

# हिंदू स्कूल की योगा टीम ने जीता कांस्य पदक

■ विजेताओं का स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रिंसिपल व प्रबंधन समिति सदस्यों ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी




**हांसी।** पदक विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार व स्कूल स्टाफ के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

सिसाय रोड़ स्थित हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की योगा टीम ने सीबीएसई द्वारा आयोजित जोन स्तरीय योगा चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया है। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि सीबीएसई की जोन स्तरीय प्रतियोगिता में अनेक विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, और हिंदू स्कूल की टीम ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बावजूद अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। पदक विजेता विद्यार्थियों का स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रिंसिपल व प्रबंधन समिति सदस्यों ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर प्राचार्य अनिल कुमार बच्चों के साथ पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित रहे और मंच पर अपने स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित होते हुए देखा। उन्होंने टीम के सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई दी।

प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि स्कूल के सभी विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देगी। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति और स्टाफ ने विजेता टीम को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री काली देवी विद्या मंदिर में किया वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन

■ वन महोत्सव में विद्यार्थियों के साथ अध्यापकों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में 8 से 14 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान विद्यालय प्रांगण में विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें वृक्षारोपण, औषधीय पौधों की वैज्ञानिक ढंग से जानकारी तथा पर्यावरण संरक्षण पर भाषण शामिल रहें। इस दौरान विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय परिसर तथा अन्य स्थानों पर नीम, पीपल, अशोक, तुलसी व आम सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। वन महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेते हुए मां के साथ सेल्फी साझा की।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया। उन्होंने सभी को अपने जीवन में कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाने तथा उसका संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई।



**हांसी।** वन महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण करती स्कूल प्राचार्या गीता मेहता व अन्य।

# हरीश वर्मा भारतीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय सचिव एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों से जुड़े समाजसेवी हरीश वर्मा को भारतीय हिंदू परिषद में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी हरियाणा प्रदेश नियुक्त किया।

समाजसेवी हरीश वर्मा ने बताया कि उनकी नियुक्ति भारतीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं नई दिल्ली में स्थित कालका मंदिर के महंत योगी राजकुमार नाथ ने उनकी नियुक्ति की। इस अवसर पर अनेक संत, मठों के महंत विशेष रूप से उपस्थित रहे।



हरीश वर्मा।

भारतीय हिंदू परिषद के नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी हरियाणा हरीश वर्मा ने उपस्थित संतों-महंतों को विश्वास दिलवाते हुए कहा कि जिस विश्वास से उन्हें जो जिम्मेवारी सोंपी है, उस पर वे खरा उतरेंगे और गोमाता की सुरक्षा के लिए अग्रसर रहेंगे।

### अंशदान एवं बकाया राशि संग्रह की तिथि 25 तक

**हिसार।** श्री रामलीला कमेटी, कटला द्वारा आजीवन सदस्यों से वार्षिक अंशदान एवं बकाया राशि जमा कराने की अंतिम तारीख को 15 जुलाई से बढ़ाकर अब 25 जुलाई तक कर दिया गया है। यह निर्णय कमेटी के प्रशासक एन के गोयल द्वारा पूर्व एडहॉक कमेटी सदस्य व वर्तमान सलाहकार सत्यपाल अग्रवाल तथा अनेक आजीवन सदस्यों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के उपरांत, सदस्यों की सुविधा और अधिकतम सहभागिता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। भुगतान केवल यूपीआई, चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने दिया धरना, पेंशन बढ़ाने सहित कई मांगों को लेकर दहाड़े बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने हरियाणा व केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जिला मुख्यालय पर अपनी जायज मांगों को लेकर जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़ की अध्यक्षता में धरना दिया। मंच संचालन जिला सचिव जयसिंह ने किया। धरने को संबोधित करते हुए संगठन के मुख्य सलाहकार व सर्व कर्मचारी संघ के संस्थापक सदस्य बनवारी लाल बिश्नोई ने बताया कि सरकार ने आठवें वेतन आयोग से कोई लाभ न देने का फैसला लेते हुए रिटायर्ड कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया। धरने को सबोधित करते हुए जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़ ने मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि कम्युट की गई राशि 11 वर्ष तक ही काटी जाए, 65 वर्ष की आयु में 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु में 20 प्रतिशत की मूल पेंशन वृद्धि की जाए। धरने को अशोक अठवाल, मा. जयबीर सिंह, मा. फूलसिंह, मा. देसराज, सुभाष गुर्जर, ओमप्रकाश झाझडिय़ा, श्योचंद राम घोड़ेला, कपूर सिंह बामल, दिनेश सिवाच, जगदीश चंद्र आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** रिटायर्ड कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़।

### विकलांग अधिकार मंच ने दिया धरना

**बरवाला।** विकलांग अधिकार मंच, हरियाणा की बरवाला ब्लॉक कमेटी ने एसडीएम कार्यालय के सामने सांकेतिक धरना लगाकर अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम सौपा। इस धरने की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान कृष्ण गुरी ने की और संचालन ब्लॉक सचिव नसीब राजली ने किया। इस ज्ञापन से हरियाणा में दिव्यांगों की जरूरी मांगों की तरफ ध्यान करवाया है। इस मौके पर राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली, ब्लॉक प्रधान सतीश बुगाना, उपप्रधान नसीब राजली, बाबू लाल बरवाला, बलराज, सतबीर, सुभाष, सतपाल व मुख्तियार आदि मौजूद रहे।

## महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में समारोह

# आम्रपाली आम पौध वितरण उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




**हिसार।** कार्यक्रम में आम के पौधे वितरित करते मेयर प्रवीण पोपली एवं कॉलेज के स्टाफ सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

नजदीकी गांव भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कालेज के आईक्यूएसी सेल द्वारा हिंदू कालेज के सयुंक्त तत्वावधान में 'आम उगाओ, आमदनी बढ़ाओ, पर्यावरण बचाओ' योजना के अंतर्गत आम्रपाली आम पौध वितरण उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कॉलेज प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने सभी लोगों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हिसार के मेयर प्रवीण पोपली मुख्य अतिथि रहे।

मेयर प्रवीण पोपली ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन में बहुत उपयोगी भूमिका निभाते हैं। वातावरण को शुद्ध रखने और संतुलन बनाए रखने में पेड़-पौधों का अहम योगदान है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. केसी गुलाटी एवं हरि प्रकाश मंगला उपस्थित हुए। समारोह में आसपास के गांवों से लगभग 300 किसानों को 1000 आम्रपाली आम के पौधे वितरित किए गए। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा कि दिल्ली के हिंदू कॉलेज के साथ मिलकर उन्होंने पर्यावरण में हरियाली और कृषक के जीवन में खुशहाली लाने के उद्देश्य से आम उत्पादन की दिशा की तरफ कदम बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि यह योजना आगामी सालों में भी जारी रहेगी और इस अवधि के दौरान हजारों किसान लाभान्वित होंगे। निश्चित रूप से पर्यावरण में निरंतर सुधार होगा। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि पेड़-पौधे ही पर्यावरण के रक्षक हैं। इनके बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी में बी कॉम फाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कोमल व उसके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने बताया कि आम्रपाली आम की एक प्रजाति है जिसके पके फल की पहली तुड़ाई दो साल बाद कर सकते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल प्रबंधक, सोनीपत से शरीर वेदप्रकाश गुप्ता, श्रीरामकरण और देवेन्द्र, डॉ. अजीज प्रधान, प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा, सुषमा गोयल और फतेहाबाद से शांति बंसल सहित उपस्थित हुए।

### हर क्षेत्र में निपुण हैं राज्यपाल : डॉ. आशा

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने अशीम घोष को हरियाणा का राज्यपाल बनाए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि अशीम घोष सुलझे हुए राजनेता विद्वान होने के साथ-साथ हर क्षेत्र में निपुण है। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने हाल ही में तीन राज्यों के राज्यपालों की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति भवन से जारी आदेशों के अनुसार अशीम घोष को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि श्री अशीम घोष बंगाल के वरिष्ठ नेता व सुलझे हुए राजनेता है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। अब राज्यपाल के रूप में उनके राजनीतिक अनुभव का लाभ हरियाणा को मिलेगा। उन्होंने नवनियुक्त राज्यपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# कराटे स्पर्धा में एसडी मॉडर्न स्कूल के छात्रों ने जीता गोल्ड



**हांसी।** स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या ऋतू सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के पांचवी कक्षा के छात्र वैदिक और सातवी कक्षा के छात्र अक्षत ने 11 से 13 जुलाई तक जय भारत मंडल धर्मशाला में आयोजित अमेचर कराटे एसोसिएशन द्वारा ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दोनों छात्रों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय और अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया। पदक विजेता वैदिक और अक्षत के स्कूल पहुंचने पर प्राचार्या ऋतु सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल सेक्रेटरी रजत अग्रवाल व कैशियर चंद्रभान गर्ग ने वैदिक व अक्षत की प्रशंसा करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी।